दो सौ छात्रों ने साईबर अपराध तथा महिला व बाल सुरक्षा हेतु जन सामान्य को जागरुक किया

भोपाल (काप्र)।

पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए भोपाल पुलिस ने आज स्टूडेंट इंटर्नशिप का पहला दिवस लागू किया।

इसके अंतर्गत राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, जागरण लेकसिटी यूनीवर्सिटी एवं भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंस एवं अन्य संस्थाओ से स्टूडेंट ने सर्वप्रथम एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। इसके उपरांत आरजीपीवी के कुलपति प्रो. सुनील कुमार ने स्टूडेंट को संबोधित किया और कहा कि किस तरह से जिम्मेदार नागरिक बन करके राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए, इस संबंध में मर्गदर्शन दिया और किस तरह से पुलिस के साथ जनसामान्य की समस्याओं को समझकर जनसेवा के क्षेत्र में और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में स्टूडेंट भाग ले सकते हैं, इस संबंध में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एडीसीपी हेडक्वार्टर विनीत कपूर एवं डीसीपी क्राइम/साईबर अमित सिंह भी उपस्थित थे।

इसके उपरांत लगभग 200 छात्रों ने डीबी मॉल में जाकर जन सामान्य में सुरक्षा का संदेश देने के लिये तथा साईबर सुरक्षा एवं महिला व बच्चों की सुरक्षा के संबंध में सर्वे कार्य किया। सर्वे कार्य के बाद एक जन सभा आयोजित की गई, जिसमें एडि. डीसीपी श्रीमती ऋचा चौबे, एसीपी सुश्री निधी सक्सेना, एसीपी अजय मिश्रा एवं इंस्पेक्टर आशीष भट्टाचार्य ने सभी स्टूडेंट्स को संबोधित किया और साथ ही जन सामान्य जो मार्केट में आए थे उन्हें भी नागरिक सुरक्षा, साईबर सुरक्षा तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी तथा जन सामान्य के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। साथ ही पुलिस की हेल्पलाइन एवं साईबर क्राईम से जुड़ी हेल्पलाईन से अवगत कराया गया एवं पम्पलेट भी बांटे गये। इस सर्वे का विश्लेषण कर डाटा एनालिसिस के माध्यम से स्टूडेंट को इंटर्नशिप योजना में भी कार्य करने के लिए डेटा एनालिसिस कर साईबर अपराध एवं महिला व बाल सुरक्षा और क्या करना चाहिये। पब्लिक डिमांड का एनालिसिस भी स्टूडेंट करेंगे। ये आज प्रथम दिवस में स्टूडेंट इंटर्नशिप योजना का धरातल पर लागू होने का प्रथम दिवस था।

बहन की हल्दी रस्म के बहाने गर्लफ्रेंड को बुलाकर किया दुष्कर्म

भोपाल। संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ की छात्रा ने हबीबगंज थाने में रेप का केस दर्ज कराया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि फेसबुक फ्रेंड ने उसके साथ गलत काम किया है। आरोपी अपनी बुआ की बेटी की हल्दी रस्म में शामिल होने का निमंत्रण देकर छात्रा को घर बुलाया था। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक विदिशा रोड भोपाल में रहने वाली 22 साल की युवती संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ में स्टूडेंट है। उसने पुलिस को बताया कि लोधी मोहल्ला गौहरगंज, रायसेन में रहने वाले गौरव चौबे से फेसबुक से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों दोस्त बन गए। बातचीत होने लगी। 26 नवंबर 2021 गौरव ने छात्रा को जीआरपी कॉलोनी में रहने वाली अपनी बुआ के घर बुलाया। उसने बताया कि बुआ की लड़की की हल्दी रस्म है। इस पर छात्रा उसके वहां आ गई। यहां रात में उसके साथ रेप किया। छात्रा ने बताया कि वारदात की रात वह रात भर उसके घर में रोती रही। वह घर छोड़ने के लिए गौरव से कह रही थी, लेकिन गौरव उसे घर छोड़ने की जगह छोला इलाके में रहने वाली दूसरी बुआ के घर ले गया। यहां भी उसने गलत काम किया। इसके तीन दिन बाद छात्रा अपने घर गई।

प्रदेश में ब्रेक डान्स अकादमी बनाने पर विचार : यशोधरा

भोपाल (काप्र)।

ब्रेक डान्स डान्सिंग एक हिप-हॉप स्टाइल है। परन्तु यह सिर्फ एक डान्स स्टाइल नहीं, अब एक खेल है। सिर्फ खेल नहीं, ओलिम्पिक में शामिल खेल है। वर्ष 2024 के पेरिस ओलिम्पिक गेम्स में ब्रेक डान्स ब्रेकिंग के नाम से खेला जायेगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस डान्सिंग स्पोर्ट को बढ़ावा देने और ब्रेक डान्स अकादमी शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। प्रदेश में जो अकादमियाँ संचालित हैं, वे सभी अकादमी ऑफ एक्सीलेंस हैं। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक कमेटी द्वारा ब्रेक डान्स को ओलिम्पिक ब्रेकिंग के नाम से शामिल किया गया है। ब्रेक डान्स को ओलिम्पिक में शामिल इसलिए किया गया है, क्योंकि यह डान्स युवाओं में बहुत लोकप्रिय है। कई रियालिटी-शो में प्रतिभाओं को परखा जा रहा है। ब्रेक डान्स को खेल के रूप में शामिल करने से कई प्रतिभाओं को मौका भी मिलेगा। ओलिम्पिक में प्रत्येक प्रदर्शन स्पष्ट रूप से परिभाषित मानदंडों क्रियेटिविटी, पर्सनेल्टी, टेकनिक, वेरायटी, परफॉर्मेंस और क्रियेटिविटी पर आधारित होगा।

श्रीमती सिंधिया ने बताया कि हमारा लक्ष्य अब अन्तर्राष्ट्रीय पदक है, इसलिए खेल विभाग द्वारा ऐसी ब्रेक डान्सिंग प्रतिभाओं को खोजने के लिए टेलेंट सर्च आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि मध्यप्रदेश में ब्रेक डान्सिंग में कितनी संभावनाएँ हैं, इसका मूल्यांकन कर भविष्य में ब्रेक डान्स अकादमी खोलने पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित खेलों के साथ नये खेलों में भी प्रदेश की युवा प्रतिभाएँ अपना कौशल दिखाएँ और पदक हासिल करें, यही हमारा लक्ष्य है। मध्यप्रदेश में लगातार खेल अधो-संरचनाओं का विस्तार और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार है।

मप्र से राज्यसभा के लिए सभी तीन उम्मीदवारों के नामांकन-पत्र वैध

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए रिक्त होने वाले तीन स्थानों की पूर्ति हेतु द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए नामजदगी के अंतिम दिन 31 मई, 2022 तक भारतीय जनता पार्टी के दो, इंडियन नेशनल कांग्रेस के एक उम्मीदवार के नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे।

दिनांक 1 जून, को अपराह्न 2:00 से प्राप्त नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा राज्य सभा निर्वाचन, 2022 के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अवधेश प्रताप सिंह के कार्यालय में प्रारंभ हुई। जांच के दौरान भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती कविता पाटीदार एवं श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार विवेक कृष्ण तन्खा के नामांकन पत्र विधि मान्य पाए गए तथा उन्हें स्वीकार किया गया।

राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2022 की अधिसूचना अनुसार अभ्यर्थिता से नाम वापसी दिनांक 3 जून, 2022 को अपराह्न 3:00 बजे तक हो सकेगी।

भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन मप्र शूटिंग अकादमी में स्थापित

भोपाल (काप्र)। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन की स्थापना की गई। इस मशीन से इस्तेमाल किये गये कारतूस के शेल को नष्ट किया जाता है। इसके उपयोग से इस्तेमाल किए गए बुलेट को दोबारा उपयोग में नहीं लाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से कारतूस का दुरूपयोग नहीं होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में शूटिंग की शॉटगन, पिस्टल और रायफल विधाओं में लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक मनशेर सिंह, जसपाल राणा तथा सुश्री सुमा शिरूर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के लिए न्यूट्रीशियन, सायकोलॉजिस्ट, स्पोर्ट्स साइंस डॉक्टर, स्ट्रेन्थ एण्ड कंडीशनिंग प्रशिक्षक भी उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 50 मीटर फायनल शूटिंग रेंज का कार्य प्रगति पर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए पृथक से फायनल शूटिंग रेंज की आवश्यकता होती है। इसके पूर्ण होने पर एशिया कप और अन्य अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा सकेंगी।

करामफी तथोकाकम-विशिष्ट शॉल बना प्रादर्श

भोपाल (काप्र)।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के अंतरंग भवन वीथि संकुल में आज माह के प्रादर्श श्रृंखला के अंतर्गत माह जून, 2022 के प्रादर्श के रूप में करामफी तथोकाकम - एक विशिष्ट शॉल, सेनापति, मणिपुर के थंगाल नागा जनजाति का एक पारंपरिक शॉल का उदघाटन संग्रहालय के निदेशक, डॉ. पी. के. मिश्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस प्रादर्श का संयोजन श्रीकांत गुप्ता, संग्रहालय एसोसिएट द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रादर्श के बारे मे श्री श्रीकांत गुप्ता, संग्रहालय एसोसिएट ने बताया कि थंगाल जनजाति मणिपुर की जनजातियों में से एक है। पूर्व में कोइराओ के नाम से ज्ञात यह समूह अब खुद को थंगाल नागा कहलाना पसंद करते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में इनकी कुल जनसंख्या 4475 है। इनका समाज संस्तरण युक्त तथा पारंपरिक रूप से ग्राम प्रधान द्वारा शासित होता है। एकल विवाह तथा वंश बहिर्विवाह का नियम उनके वैवाहिक संबंधों को नियंत्रित करता है। कृषि इनका मुख्य व्यवसाय है और सामाजिक-आर्थिक संरचना में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। थंगाल महिलाएं कपड़े बुनने में माहिर होती हैं और वह अपनी जाति के लोगों के लिए पारम्परिक कपड़े बुनती हैं जो उन्हें अन्य जनजातियों से पृथक पहचान प्रदान करते हैं।

करामफी नामक यह प्रादर्श थंगाल जनजाति का हाथ से बुना हुआ एक पारंपरिक कपड़ा है। यह एक प्रतिष्ठित शॉल है जिसे केवल पुरूषो द्वारा धारण किया जाता है।

जनजातीय संग्रहालय का नौवाँ स्थापना दिवस समारोह 6 जून से

जनजातीय जीवन, देशज ज्ञान परम्परा एवं सौन्दर्यबोध पर एकाग्र स्थापित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का नौवाँ स्थापना दिवस समारोह 6 से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय इस प्रतिष्ठा पूर्ण समारोह में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अलग-अलग प्रदेशों के लोक एवं जनजातीय नृत्य, संगीत, चित्र प्रदर्शनी, शिल्प मेला और उल्लास के अंतर्गत कठपुतली प्रदर्शन संयोजित होगा। संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र ने बताया कि पांच दिवसीय स्थापना दिवस समारोह में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से देशज व्यंजन, शिल्प मेला और सायं 7 बजे से नृत्य एवं अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया जायेगा।

आईटीआई के छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

भोपाल (काप्र)। पुराने शहर के छोला मंदिर इलाके मे ट्रैन से कटकर आईटीआई छात्र द्वारा आत्महत्या किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र मे स्थित ग्राम मालीखेड़ी मे रहने वाला 22 साल का सौरभ पिता रामचरण गौर गोविंदपुरा स्थित आईटीआई कॉलेज से आईटीआई कर रहा था। इसके साथ ही वो प्राइवेट काम भी करता था। बीती सुबह सौरभ परिवार वालो से काम पर जाने का कहकर घर से बाहर गया था। इसके बाद पुलिस को उसका शव रेल्वे ट्रैक पर पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस का कहना है कि छात्र ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी की है। फिलहाल शुरुआती जॉच मे ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के सही कारणो का खुलासा हो सके।

मध्यप्रदेश शासन, कार्यालय कार्यपालन यंत्री, मैदानी संभाग (ऊर्जा)
नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, 59, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) फोन: 0755-2526274

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-02/2022-23 भोपाल, दिनांक 30.05.2022

निविदा आमंत्रण सूचना बास्ते प्रकाशन निविदा क्रमांक-02/2022-23

निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदायें फार्म-ए (प्रतिशत) में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों में आमंत्रित किया जाता है :-

कार्य का नाम	जिला	अनुमानित लागत	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5
नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल में लगे एच.पी. प्रिंटर्स में नये टोनर्स/ कार्टिज के प्रदाय एवं फिटिंग कार्य।	भोपाल	3,05,156/- (रुपये तीन लाख अड़तालीस हजार अन्ठानवे मात्र)	म.प्र. शासन द्वारा केंद्रीयकृत पंजीयन में 'सी' या उच्च श्रेणी में पंजीयन एवं संबंधित कार्य का अनुभव	एक वर्ष

1. निविदा का विस्तृत विवरण की वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है। 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 15/06/2022 समय 17:30 तक क्रय किये जा सकते है। 3. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो उसे वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर जारी किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं होगा।

(महेश्वर धोटे) कार्यपालन यंत्री,
मैदानी संभाग (ऊर्जा) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल
जी-13566/22

जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकार गोविन्द कुकरेजा आत्मज श्री गुरमुखदास कुकरेजा वयस्क निवासी म.नं. ई-2/203 ग्रीन एकर कालोनी लालघाटी भोपाल मो. नं. 6260361125 की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार एवं उनकी पत्नी श्रीमती शारदा कुकरेजा के स्वत्व, स्वामित्व की संपत्ति (2 रजिस्ट्रियां क्रमशः भूखण्ड स्थित 57 राजदेव कालोनी भोपाल एवं सिंधी कालोनी स्थित म.नं. 39 की थी) जो कि दिनांक 26.5.2022 को मार्केट जाते समय हनुमानगंज भोपाल के रास्ते में गुम हो गई है। मेरे पक्षकार की उपरोक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्रियां किसी भी व्यक्ति को मिल जाने पर उनका दुरुपयोग किया जाता है तो मेरे पक्षकार इस संबंध में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। उपरोक्त संपत्ति की दोनों रजिस्ट्रियां यदि किसी भी व्यक्ति को मिल जाती हैं तो वह मेरे पक्षकार या मेरे कार्यालय में जमा करावे।

146626 ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, (अधिवक्ता) म.नं. सी/एम.आई.जी. 102 अयोध्या एक्सटेंशन बाईपास रोड भोपाल मो. नं. 9039190676

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

इन्दिरा कॉम्प्लेक्स हाऊसिंग बोर्ड कालोनी विदिशा में भवन क्र. एम.आई.जी. 28, मण्डल द्वारा श्री अंशुल गुरहा आत्मज श्री अजय कुमार गुरहा के नाम पर नामांतरण आदेश क्रमांक 728 दिनांक 27/01/2022 द्वारा नामांतरित किया गया है। क्रेता द्वारा श्री अंशुल गुरहा का पता किया गया तो उनको कहीं कोई अता-पता नहीं चल रहा है। क्रेता डॉ. धर्मेन्द्र रघुवंशी आत्मज स्व. श्री जसवंत सिंह रघुवंशी द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति का अपने नाम पर हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 15.03.2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति डॉ. धर्मेन्द्र रघुवंशी आत्मज स्व. श्री जसवंत सिंह रघुवंशी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146627 सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

सोनागिरी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भवन क्र. एल.आई.जी. 165, बी सेक्टर मण्डल द्वारा श्री संजय कुमार अलघरे आत्मज श्री एम.एन. अलघरे के नाम पर नामांतरण आदेश क्रमांक 288 दिनांक 04.02.2015 द्वारा नामांतरित किया गया है। श्री संजय कुमार अलघरे आत्मज स्व. श्री एम.एन. अलघरे का दिनांक 04.05.2022 को स्वर्गवास हो जाने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती अनुभा अलघरे पत्नी स्व. श्री संजय कुमार अलघरे के द्वारा उक्त सम्पत्ति अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, वारिसों का अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती अनुभा अलघरे पत्नी स्व. श्री संजय कुमार अलघरे के नाम पर नामांतरण करने की कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146628 सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

सोनागिरी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भवन क्र. सी-75 सेक्टर-सी, मण्डल द्वारा श्रीमती बुशराह हसन पत्नी स्व. श्री सैय्यद मसूद हसन के नाम पर नामांतरण आदेश क्रमांक 1114 दिनांक 26.04.2011 द्वारा नामांतरित है। श्रीमती बुशराह हसन मुख्तारआम श्री मशहूद शाहिद किदवाई आत्मज स्व. श्री शाहिद अली किदवाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री हिम्मत सिंह सिसोदिया आत्मज स्व. श्री हल्कू सिंह सिसोदिया को विक्रय कर दी गई जिसका विक्रय पत्र उप पंजीयन कार्यालय भोपाल से दिनांक 13.6.2011 को निष्पादित किया गया। क्रेता श्री हिम्मत सिंह सिसोदिया विक्रेता श्रीमती बुशराह एवं मुख्तारआम श्री मशहूद शाहिद किदवाई को पता किया तो उनको कहीं कोई अता-पता नहीं चल रहा है। क्रेता द्वारा उक्त सम्पत्ति अपने नाम हस्तांतरण करने हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ पत्र, विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री हिम्मत सिंह सिसोदिया आत्मज स्व. श्री हल्कू सिंह सिसोदिया के नाम पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146629 सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

सोनागिरी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भवन क्र. एल.आई.जी.-44, ए- सेक्टर मण्डल द्वारा श्री दिनेश कुमार तिवारी आत्मज श्री रामचरण लाल तिवारी के नाम आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06.01.2020 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री दिनेश चन्द्र तिवारी की दिनांक 24.03.2022 को मृत्यु होने एवं उनकी पत्नी श्रीमती रामकुंवर बाई की दिनांक 08.03.2019 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पुत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी दुबे पत्नी श्री राजेश दुबे एवं पुत्र श्री मनीष तिवारी आत्मज स्व. श्री डी.सी. तिवारी के द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन, शपथ पत्र, परिवार के सदस्यों का अनापत्ति परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती विजय लक्ष्मी दुबे पत्नी श्री राजेश दुबे एवं श्री मनीष तिवारी आत्मज स्व. श्री डी.सी. तिवारी के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146630 सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

आम सूचना

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मेसर्स एस.आर. एसोसिएट्स द्वारा संचालन हेतु प्रावधानित माय सेज हॉस्पिटल स्थित ग्राम बावड़िया कला तहसील हुजूर भूमि खसरा क्र. 98/3/3, 99, 100 का नाम परिवर्तित करके अपोलो सेज हॉस्पिटल कर दिया गया है। उक्त विषय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उसमें किसी व्यक्ति का हित वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। समय सीमा के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। सर्वसाधारण विदित हो।

146631 ईशान सिंघल (अधिवक्ता) एच.आई.जी. 202, विजय स्तम्भ,एम.पी. नगर जोन-1 भोपाल म.प्र. मो. नं. 7974644802

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी. नगर भोपाल
प्रकरण क्रमांक 0135/अ-6/22-23
इश्तहार

आवेदक श्री रमेशलाल जोधानी आ. स्व. श्री भगवानदास जौधानी निवासी म.नं. 21, नूपुरकुंज, ई-3 अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा ग्राम चूनाभट्टी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 44/1/2/26/1/1/7 रकबा 0.35 एकड़ भूमि का वसीयत के आधार पर नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस उद्घोषणा के जारी होने के 10 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 1.6. 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

146632 तहसीलदार टी.टी. नगर वृत्त भोपाल

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मतीन खां आत्मज श्री समद खां निवासी 82 ग्राम बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल म.प्र. मो. 9826393571 ने श्री अतीक खां, अमीन खां, नसीम खां पुत्रगण फरीद खां निवासी 82 ग्राम बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व, स्वामित्व, व अधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक 137/1/1/1 रकबा 0.0870 हेक्टेयर भूमि, खसरा क्रमांक 137/1/1/3 रकबा 0.02500 हेक्टेयर भूमि में से आधा अर्थात 50 डेसीमिल, एवं खसरा क्रमांक 138/1/1/1 रकबा 0.02830 हेक्टेयर भूमि 138/1/1/2 रकबा 0.02700 हेक्टेयर भूमि में से 01 एकड़ अर्थात कुल भूमि 1.50 एकड़ भूमि जो कि ग्राम सतगढ़ी तह. कोलार जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, को क्रय किए जाने का अनुबंध कर टोकन राशि प्रदान कर दी है। जिसके संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को यदि कोई आपत्ति हो और यदि उक्त सम्पत्ति कहीं भी दान, बंधक, गिरवी, हिबा, हस्तांतरण, विक्रय अनुबंध, इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि व्यतीय हो जाने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकारगण उक्त अनुबंधित भूमि की रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

146633 राकेश कुमार वर्मा (अधिवक्ता) कार्या. शॉप नं. 13 सिद्धि काम्प्लेक्स विनीत कुंज अकबरपुर कोलार रोड भोपाल। मो. न. 9827045020.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

सतलापुर मण्डीदीप हाऊसिंग बोर्ड कालोनी मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (मध्यप्रदेश) में भूखण्ड क्र. एच.आई.जी. 06 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री ब्रजेन्द्र मालवीय आत्मज श्री शंकरलाल मालवीय के नाम हस्तांतरित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 6.2.2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराया गया। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री जगदीश चौकसे आत्मज श्री रतनलाल चौकसे के नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 20,4.2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्राप्त दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री जगदीश चौकसे आत्मज श्री रतनलाल चौकसे के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146634 सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल
आम सूचना

गौतम नगर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्र. 369 मण्डल द्वारा श्री बिजेन्द्र कुमार रस्तोगी आत्मज स्व. श्री शंभुशरण रस्तोगी के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका पट्टा विलेख उनके द्वारा दिनांक 18.02.1990 को उप पंजीयन कार्यालय से निष्पादित कराया गया। श्री विजेन्द्र कुमार रस्तोगी का दिनांक 7.1.2018 को स्वर्गवास हो जाने के उपरांत उनके पुत्र श्री राहुल रस्तोगी आत्मज स्व. श्री बिजेन्द्र कुमार रस्तोगी के द्वारा उक्त सम्पत्ति अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, वारिसों का अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री राहुल रस्तोगी आत्मज स्व. श्री बिजेन्द्र कुमार रस्तोगी के नाम से नामांतरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

146635 सम्पदा अधिकारी, म.प्र